सीआरपीएफ और बिहार पुलिस ने 03 राइफल और आईईडी बरामद की

राष्ट्र ने 74 वें गणतंत्र दिवस का जश्न पूरे जोश एवं उत्साह के साथ मनायाख, कोबरा कमांडो, सीआरपीएफ और बिहार पुलिस ने एफओबी नागोबार, जिला गया (बिहार) के पास पंडरा के पहाड़ी क्षेत्र के चकरबंधा जंगल में एक अभियान शुरू किया। जवानों ने सावधानीपूर्वक मानवीय पहुच से दूर क्षेत्र की खोज की और मानवीय उपस्थिति की तलाश में आगे बढ़े।

2. घुमावदार क्षेत्र और घने पेड़-पौधों की छानबीन करते हुए जवानों ने ऑपरेशन के दौरान 90 राउंड के साथ एक ए. के. 47 राइफल, एक सेल्फ लोडिंग राइफल, यूएस राइफल सीएएल-3.0एम1 स्प्रिंगफील्ड और एक आईईडी को बरामद किया। निर्धारित सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए आईईडी को उसी स्थान पर नष्ट कर दिया गया।